अभिव्यक्ति
दैनिक भास्कर, इंदौर, सोमवार, 19 जनवरी, 2015

वन विभाग के अधिकारी सीखेंगे साइबर सुरक्षा के गुर

इंदौर | पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) में सोमवार से वन विभाग के अधिकारियों के लिए साइबर क्राइम ट्रेनिंग कोर्स शुरू होने जा रहा है। इसमें प्रदेश भर के वन विभाग के अधिकारी साइबर सुरक्षा के गुर सीखेंगे। पीआरटीएस के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने बताया कि पीआरटीएस अब तक पुलिस विभाग के अधिकारियों के लिए यह कोर्स संचालित करता आ रहा था। वन विभाग ने अपने अधिकारियों को ट्रेनिंग देने की मांग की थी। इसमें वन विभाग के पूरे प्रदेश में पदस्थ 25 अधिकारी शामिल होंगे। इनमें रेंजर से लेकर एसीएस स्तर तक के अधिकारी हैं। छह दिन की इस ट्रेनिंग में इन्हें साइबर क्राइम, आईटी एक्ट से लेकर वन विभाग के लिए उपयोगी साइबर ट्रेनिंग दी जाएगी। इस कोर्स की शुरुआत सोमवार सुबह पीआरटीएस में होगी।